Series : S7PQR

SET~1

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 67/7/1

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

• • •

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

NOTE

(I) Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. [ ]

लेखाशास्त्र

ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : ***3*** *घण्टे* | *अधिकतम अंक :* ***80***

Time allowed : ***3*** *hours* | *Maximum Marks :* ***80***

• • •

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

(iii) ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

(iv) ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन

(v) *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(vi) *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

(vii) *प्रश्न संख्या **21** और **22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

(viii) *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

भाग क

(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. (क) दीक्षा, माधव तथा रोहित एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2025 को रोहित सेवानिवृत्त हो गया । संचयों, परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में आवश्यक समायोजनों को करने के पश्चात् रोहित के पूँजी खाते में ₹ 4,30,000 का शेष था। दीक्षा तथा माधव उसके दावे के पूर्ण निपटान में उसे ₹ 5,00,000 का भुगतान करने को सहमत हुए। फर्म की ख्याति में रोहित का भाग था : *1*

(A) ₹ 9,30,000 (B) ₹ 70,000

(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 3,50,000

अथवा

• • •

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

(iii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iv) ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

Option I : Analysis of Financial Statements

Option II : Computerised Accounting

(v) *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are Multiple Choice Questions. Each question carries **1** mark.*

(vi) *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks.*

(vii) *Questions number **21** and **22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

PART A

(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. (a) Diksha, Madhav and Rohit were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Rohit retired on 31st March, 2025. The balance in Rohit's capital account after making the necessary adjustments on account of reserves, revaluation of assets and reassessment of liabilities was ₹ 4,30,000. Diksha and Madhav agreed to pay him ₹ 5,00,000 in full settlement of his claim. Rohit's share of goodwill in the firm was : *1*

(A) ₹ 9,30,000 (B) ₹ 70,000

(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 3,50,000

OR

• • •

(ख) अतुल तथा राज एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। ईरा को फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया। ईरा अपनी पूँजी के रूप में ₹ 3,50,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के रूप में ₹ 1,00,000 लाई। फर्म की ख्याति का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 4,50,000

(C) ₹ 4,00,000 (D) ₹ 25,000

2. (क) अवि तथा गीता एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए सुहान को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। सुहान ने अवि तथा गीता से अपने भाग का अधिग्रहण 1 : 2 के अनुपात में किया। अवि, गीता तथा सुहान के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 2 : 1 : 1 (B) 1 : 2 : 1

(C) 1 : 1 : 1 (D) 7 : 2 : 3

अथवा

(ख) अन्या तथा शिव एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उन्होंने गिरीश को फर्म में एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। अन्या ने अपने भाग का $\frac{1}{4}$ भाग तथा शिव ने अपने भाग का $\frac{1}{10}$ भाग गिरीश के पक्ष में त्याग दिया। अन्या, शिव तथा गिरीश के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 4 : 1 : 5 (B) 4 : 3 : 3

(C) 6 : 1 : 3 (D) 30 : 9 : 11

3. नित्या लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 9,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 97 प्रति ऋणपत्र पर किया। इन ऋणपत्रों के निर्गमन पर, 11% ऋणपत्र खाते को क्रेडिट किया गया था : *1*

(A) ₹ 11,00,000 से

(B) ₹ 10,00,000 से

(C) ₹ 9,00,000 से

(D) ₹ 9,70,000 से

• • •

(b) Atul and Raj were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3. Ira was admitted as a new partner for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits of the firm. Ira brought ₹ 3,50,000 as her capital and ₹ 1,00,000 as her share of goodwill premium. The value of firm's goodwill was : *1*

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 4,50,000

(C) ₹ 4,00,000 (D) ₹ 25,000

2. (a) Avi and Gita were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. They admitted Suhaan as a new partner for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits of the firm. Suhaan acquired his share from Avi and Gita in the ratio of 1 : 2. The new profit sharing ratio between Avi, Gita and Suhaan will be : *1*

(A) 2 : 1 : 1 (B) 1 : 2 : 1

(C) 1 : 1 : 1 (D) 7 : 2 : 3

OR

(b) Anya and Shiv were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 4 : 1. They admitted Girish as a new partner in the firm. Anya sacrificed $\frac{1}{4}^{th}$ of her share and Shiv sacrificed $\frac{1}{10}^{th}$ of his share in favour of Girish. The new profit sharing ratio between Anya, Shiv and Girish will be : *1*

(A) 4 : 1 : 5 (B) 4 : 3 : 3

(C) 6 : 1 : 3 (D) 30 : 9 : 11

3. Nitya Ltd. issued 9,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at ₹ 97 per debenture. On issue of these debentures, 11% Debentures Account was credited by : *1*

(A) ₹ 11,00,000

(B) ₹ 10,00,000

(C) ₹ 9,00,000

(D) ₹ 9,70,000

• • •

4. (क) काम्या, ईनाया तथा लोकेश एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 से, उन्होंने 4 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने का निर्णय लिया। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 9,00,000 था।

उपर्युक्त लेनदेन के प्रभाव को दर्शाने वाली आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

जर्नल

	विवरण		नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
(A)	काम्या का पूँजी खाता	नाम	1,00,000	
	लोकेश का पूँजी खाता			1,00,000
(B)	लोकेश का पूँजी खाता	नाम	1,00,000	
	काम्या का पूँजी खाता			1,00,000
(C)	काम्या का पूँजी खाता	नाम	9,00,000	
	लोकेश का पूँजी खाता			9,00,000
(D)	लोकेश का पूँजी खाता	नाम	9,00,000	
	काम्या का पूँजी खाता			9,00,000

अथवा

(ख) ईशा, पल्लवी तथा मनोज एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 से, उन्होंने भविष्य के लाभों को 3 : 1 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण के पश्चात्, पुनर्मूल्यांकन खाता ₹ 5,00,000 की हानि दर्शा रहा था। पुनर्मूल्यांकन पर हुई हानि के कारण ईशा का पूँजी खाता _____ राशि से डेबिट किया जाएगा। *1*

(A) ₹ 1,50,000

(B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 1,00,000

(D) ₹ 5,00,000

• • •

4. (a) Kamya, Inaya and Lokesh were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 4. With effect from 1st April, 2025, they decided to share profits and losses in the ratio of 4 : 2 : 3. The goodwill of the firm was valued at ₹ 9,00,000.

The necessary journal entry to show the effect of the above transaction will be : *1*

Journal

	Particulars		Dr. Amount (₹)	Cr. Amount (₹)
(A)	Kamya's Capital A/c	Dr.	1,00,000	
	To Lokesh's Capital A/c			1,00,000
(B)	Lokesh's Capital A/c	Dr.	1,00,000	
	To Kamya's Capital A/c			1,00,000
(C)	Kamya's Capital A/c	Dr.	9,00,000	
	To Lokesh's Capital A/c			9,00,000
(D)	Lokesh's Capital A/c	Dr.	9,00,000	
	To Kamya's Capital A/c			9,00,000

OR

(b) Isha, Pallavi and Manoj were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. With effect from 1st April, 2025, they decided to share future profits in the ratio of 3 : 1 : 1. After revaluation of assets and reassessment of liabilities, revaluation account showed a loss of ₹ 5,00,000. Isha's Capital Account will be debited by _____ due to the loss on revaluation. *1*

(A) ₹ 1,50,000

(B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 1,00,000

(D) ₹ 5,00,000

• • •

5. *अभिकथन (A) :* साझेदारी फर्म के विघटन के समय वसूली खाता तैयार किया जाता है।

कारण (R) : जब फर्म का विघटन होता है, तो इसकी खाता पुस्तकें बंद कर दी जाती हैं तथा परिसंपत्तियों की वसूली एवं देयताओं के भुगतान के कारण हुए लाभ अथवा हानि की गणना की जाती है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।

6. लिली लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 1,000 अंशों का हरण कर लिया, जिन्हें 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था जिन पर ₹ 40 प्रति अंश की आवेदन राशि का भुगतान किया गया था। इनमें से 500 अंशों को, ₹ 80 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया। पूँजी संचय खाते में हस्तांतरित की गई राशि थी : *1*

(A) ₹ 40,000

(B) ₹ 10,000

(C) ₹ 30,000

(D) शून्य

7. (क) अयाचित पूँजी का वह भाग जिसे एक कंपनी द्वारा आरक्षित रखा गया है तथा जिसे केवल कंपनी के समापन पर ही माँगा जा सकता है, कहलाता है : *1*

(A) अभिदत्त पूँजी

(B) आरक्षित पूँजी

(C) याचित पूँजी

(D) अनिर्गमित पूँजी

अथवा

• • •

5. *Assertion (A) :* At the time of dissolution of partnership firm, Realisation Account is prepared.

Reason (R) : When the firm is dissolved, its books of accounts are to be closed and the profit or loss arising on realisation of its assets and discharge of its liabilities is to be computed.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

6. Lily Ltd. forfeited 1,000 shares of ₹ 100 each issued at a premium of 10% on which application money of ₹ 40 per share had been paid. Out of these, 500 shares were reissued as fully paid up for ₹ 80 per share. The amount transferred to the Capital Reserve Account was : *1*

(A) ₹ 40,000

(B) ₹ 10,000

(C) ₹ 30,000

(D) Nil

7. (a) A portion of the uncalled capital reserved by a company to be called only in the event of winding up of the company, is called : *1*

(A) Subscribed capital

(B) Reserve capital

(C) Called-up capital

(D) Unissued capital

OR

• • •

(ख) वाणी लिमिटेड ने मैक्स लिमिटेड से ₹ 6,60,000 का फर्नीचर खरीदा । भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया । मैक्स लिमिटेड के पक्ष में निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या थीं : *1*

(A) 60,000

(B) 6,600

(C) 6,000

(D) 1,000

8. (क) रीमा और लीना एक फर्म की साझेदार थीं तथा 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । 1 अप्रैल, 2024 को, फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए माया को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । माया को ₹ 1,20,000 के न्यूनतम लाभ की गारंटी दी गई थी । इस कारण हुई किसी भी कमी को रीमा तथा लीना 3 : 2 के अनुपात में वहन करेंगी । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में, फर्म ने ₹ 4,00,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया । लीना द्वारा वहन की गई कमी की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 10,000

(B) ₹ 8,000

(C) ₹ 4,000

(D) ₹ 12,000

अथवा

(ख) गौतम तथा सुनीता एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 5,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं । 1 अप्रैल, 2025 को, उन्होंने भविष्य के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए नमिता को फर्म में एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । नमिता अपनी पूँजी के रूप में ₹ 3,00,000 लाई । नमिता के प्रवेश पर फर्म की ख्याति थी : *1*

(A) ₹ 2,00,000

(B) ₹ 12,00,000

(C) ₹ 50,000

(D) ₹ 3,00,000

• • •

(b) Vani Ltd. purchased furniture of ₹ 6,60,000 from Max Ltd. The payment was made by issue of 11% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%. The number of debentures issued in favour of Max Ltd. were : *1*

(A) 60,000

(B) 6,600

(C) 6,000

(D) 1,000

8. (a) Reema and Leena were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 4 : 1. On 1st April, 2024, Maya was admitted as a new partner for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits of the firm. Maya was guaranteed a minimum profit of ₹ 1,20,000. Any deficiency on this account was be borne by Reema and Leena in the ratio of 3 : 2. During the year ended 31st March, 2025, the firm earned a net profit of ₹ 4,00,000. The amount of deficiency borne by Leena will be : *1*

(A) ₹ 10,000

(B) ₹ 8,000

(C) ₹ 4,000

(D) ₹ 12,000

OR

(b) Gautam and Sunita were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. Their capitals were ₹ 5,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. On 1st April, 2025, they admitted Namita as a new partner in the firm for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the future profits. Namita brought ₹ 3,00,000 as her capital. The goodwill of the firm on Namita's admission was : *1*

(A) ₹ 2,00,000

(B) ₹ 12,00,000

(C) ₹ 50,000

(D) ₹ 3,00,000

• • •

9. कार्तिक तथा योगेश एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 6,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थीं। पूँजी पर ब्याज 8% वार्षिक दर से देय है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म ने ₹ 60,000 का लाभ अर्जित किया। साझेदारों की पूँजी पर क्रेडिट किया जाने वाला ब्याज होगा : *1*

(A) कार्तिक ₹ 36,000; तथा योगेश ₹ 24,000

(B) कार्तिक ₹ 30,000; तथा योगेश ₹ 30,000

(C) कार्तिक ₹ 40,000; तथा योगेश ₹ 20,000

(D) कार्तिक ₹ 48,000; तथा योगेश ₹ 32,000

10. फरीद, मधुर तथा तारुष एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 30 नवंबर, 2025 को तारुष की मृत्यु हो गई। साझेदारी संलेख के अनुसार, मृतक साझेदार के निष्पादक उसकी मृत्यु की तिथि तक लाभ में उसके भाग के हकदार हैं, जिसकी गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ ₹ 3,60,000 था। लाभ में तारुष का भाग था : *1*

(A) ₹ 2,40,000

(B) ₹ 24,000

(C) ₹ 48,000

(D) ₹ 72,000

11. अदिश, बीना तथा चाँद एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। वर्ष के अंत में लाभ में बीना का भाग ₹ 1,40,000 था। लाभ में अदिश का भाग था : *1*

(A) ₹ 70,000 (B) ₹ 2,10,000

(C) ₹ 2,80,000 (D) ₹ 1,40,000

12. ₹ 20 प्रति अंश की दूसरी तथा अंतिम याचना का भुगतान न करने पर ग्लो लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 900 समता अंशों का हरण कर लिया। इन अंशों को कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार अधिकतम स्वीकार्य बट्टे पर पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया। पूँजी संचय खाते में हस्तांतरित की गई राशि थी : *1*

(A) ₹ 90,000 (B) ₹ 72,000

(C) ₹ 18,000 (D) शून्य

• • •

9. Kartik and Yogesh were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. Their capitals were ₹ 6,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. Interest on capital is allowed @ 8% p.a. The firm earned a profit of ₹ 60,000 for the year ended 31st March, 2025. Interest on capital credited to the partners will be : *1*

(A) Kartik ₹ 36,000; and Yogesh ₹ 24,000

(B) Kartik ₹ 30,000; and Yogesh ₹ 30,000

(C) Kartik ₹ 40,000; and Yogesh ₹ 20,000

(D) Kartik ₹ 48,000; and Yogesh ₹ 32,000

10. Farid, Madhur and Tarush were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. The firm closes its books on 31st March every year. Tarush died on 30th November, 2025. As per the partnership deed, the executors of the deceased partner are entitled to his share of the profits till the date of death, calculated on the basis of last year's profit. Profit for the year ended 31st March, 2025 was ₹ 3,60,000. Tarush's share of profit was : *1*

(A) ₹ 2,40,000

(B) ₹ 24,000

(C) ₹ 48,000

(D) ₹ 72,000

11. Adish, Bina and Chand were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 4 : 2 : 1. Bina's share of profit at the end of the year amounted to ₹ 1,40,000. Adish's share in the profit was : *1*

(A) ₹ 70,000 (B) ₹ 2,10,000

(C) ₹ 2,80,000 (D) ₹ 1,40,000

12. Glow Ltd. forfeited 900 equity shares of ₹ 100 each for non-payment of second and final call of ₹ 20 per share. These shares were reissued as fully paid up at maximum permissible discount as per Companies Act, 2013. The amount transferred to the Capital Reserve Account was : *1*

(A) ₹ 90,000 (B) ₹ 72,000

(C) ₹ 18,000 (D) Nil

• • •

13. ऋणपत्र जिन्हें सुपुर्दगी द्वारा हस्तांतरित किया जा सकता है तथा कंपनी जिन ऋणपत्र धारकों का कोई लेखा नहीं रखती, कहलाते हैं, _____ ऋणपत्र। *1*

(A) सुरक्षित

(B) शोधनीय

(C) धारक

(D) असुरक्षित

14. हिना, सिया तथा अनु एक फर्म की साझेदार थीं तथा 2 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 31 मार्च, 2025 को फर्म का विघटन हो गया। हिना को विघटन कार्य की देखरेख करने के लिए नियुक्त किया गया, जिसके लिए उसे ₹ 30,000 का पारिश्रमिक देय था। हिना वसूली व्यय वहन करने के लिए सहमत हो गई। वास्तविक वसूली व्यय ₹ 35,000 थे, जिनका भुगतान हिना ने किया। वसूली व्ययों के लिए वसूली खाते को डेबिट किया जाएगा : *1*

(A) ₹ 30,000 से

(B) ₹ 5,000 से

(C) ₹ 65,000 से

(D) ₹ 35,000 से

15. आरती, निकिता तथा साक्षी एक फर्म की साझेदार थीं तथा 2 : 3 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। निकिता सेवानिवृत्त हो गई। उसके लाभ के भाग को आरती और साक्षी ने 2 : 1 के अनुपात में ले लिया। आरती और साक्षी के मध्य नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 2 : 3

(B) 3 : 2

(C) 2 : 5

(D) 2 : 1

16. प्रेरणा तथा रिया एक फर्म की साझेदार थीं तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए अरुण को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया। अरुण ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के रूप में ₹ 80,000 तथा आनुपातिक पूँजी लाया। सभी समायोजनों के पश्चात्, प्रेरणा तथा रिया की पूँजी क्रमश: ₹ 2,50,000 तथा ₹ 1,50,000 थीं। अरुण द्वारा लाई गई पूँजी थी : *1*

(A) ₹ 4,00,000

(B) ₹ 1,00,000

(C) ₹ 5,00,000

(D) ₹ 80,000

• • •

13. The debentures which can be transferred by the way of delivery and the company does not keep any record of the debentures holders are called _____ debentures. *1*

(A) Secured

(B) Redeemable

(C) Bearer

(D) Unsecured

14. Hina, Sia and Anu were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 4. The firm was dissolved on 31st March, 2025. Hina was appointed to look after the dissolution work for which she was allowed a remuneration of ₹ 30,000. Hina agreed to bear realisation expenses. Actual realisation expenses amounted to ₹ 35,000, which were paid by Hina. For realisation expenses, the Realisation Account will be debited by : *1*

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 5,000

(C) ₹ 65,000 (D) ₹ 35,000

15. Aarti, Nikita and Sakshi were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 5. Nikita retired. Her share of profit was taken up by Aarti and Sakshi in the ratio of 2 : 1. The new profit sharing ratio between Aarti and Sakshi will be : *1*

(A) 2 : 3 (B) 3 : 2

(C) 2 : 5 (D) 2 : 1

16. Prerna and Riya were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3. Arun was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}^{th}$ share in the profits of the firm. Arun brought ₹ 80,000 as his share for premium for goodwill and proportionate capital. The capitals of Prerna and Riya, after all adjustments, were ₹ 2,50,000 and ₹ 1,50,000 respectively. The capital brought in by Arun was : *1*

(A) ₹ 4,00,000

(B) ₹ 1,00,000

(C) ₹ 5,00,000

(D) ₹ 80,000

• • •

17. 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आहरण और शुद्ध लाभ से संबंधित आवश्यक समायोजनों के पश्चात्, माला तथा वैभव के पूँजी खातों में क्रमश: ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थे। बाद में यह ज्ञात हुआ कि शुद्ध लाभ की गणना करते समय आहरण पर 6% वार्षिक दर के ब्याज को ध्यान में नहीं रखा गया। साझेदारों के आहरण थे : माला ने प्रत्येक तिमाही के आरंभ में ₹ 10,000 का आहरण किया तथा वैभव ने प्रत्येक छमाही के अंत में ₹ 10,000 का आहरण किया। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ ₹ 3,00,000 था। माला तथा वैभव का लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 था।

आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए। अपना कार्य स्पष्टता से दर्शाइए। *3*

18. आदि, प्रिया तथा विक्की एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 30 जून, 2022 को प्रिया की मृत्यु हो गई। सभी आवश्यक समायोजनों के पश्चात्, उसका पूँजी खाता ₹ 6,90,000 का क्रेडिट शेष दर्शा रहा था। 1 जुलाई, 2022 को प्रिया के निष्पादकों को ₹ 90,000 का नगद भुगतान किया गया तथा शेष राशि का भुगतान 30 जून, 2023 से शुरू करके तीन बराबर वार्षिक किश्तों में अदत्त राशि पर 6% वार्षिक दर से ब्याज के साथ किया जाएगा। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है।

31 मार्च, 2024 तक प्रिया के निष्पादकों का खाता तैयार कीजिए। *3*

19. (क) मल्लिका लिमिटेड ने परी लिमिटेड की ₹ 40,00,000 की परिसंपत्तियाँ तथा ₹ 4,00,000 की देयताओं का ₹ 45,00,000 के क्रय प्रतिफल पर अधिग्रहण किया। परी लिमिटेड को क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया।

मल्लिका लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

अथवा

(ख) 1 अप्रैल, 2024 को उत्सव लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 50,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया। यह मानकर कि ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान अर्ध-वार्षिक आधार पर प्रति वर्ष 30 सितंबर तथा 31 मार्च को किया जाता है, उत्सव लिमिटेड की पुस्तकों में 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ऋणपत्र ब्याज से संबंधित आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दीजिए। *3*

• • •

17. The Capital Accounts of Mala and Vaibhav stood at ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively, after the necessary adjustments in respect of drawings and net profits for the year ended 31st March, 2025. It was later discovered that interest on drawings @ 6% p.a. was not taken into account while calculating the net profit. The drawings of the partners were : Mala ₹ 10,000 drawn at the beginning of each quarter and Vaibhav ₹ 10,000 drawn at the end of each half year. The profits for the year ended 31st March, 2025 amounted to ₹ 3,00,000. The profit sharing ratio of Mala and Vaibhav was 3 : 2.

Pass the necessary adjusting entry. Show your working clearly. *3*

18. Aadi, Priya and Vicky were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1 : 1. Priya died on 30th June, 2022. After all the necessary adjustments, her Capital to Account showed a credit balance of ₹ 6,90,000. Priya's executors were paid ₹ 90,000 cash on 1st July, 2022 and the balance amount to be paid in three equal yearly instalments, starting from 30th June, 2023 with interest @ 6% p.a. on the unpaid amount. The firm closes its books on 31st March every year.
Prepare Priya's Executor's Account till 31st March, 2024. *3*

19. (a) Mallika Ltd. took over assets of ₹ 40,00,000 and liabilities of ₹ 4,00,000 of Pari Ltd. for a purchase consideration of ₹ 45,00,000. The payment of the purchase consideration was made by issue of 11% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% to Pari Ltd..
Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of Mallika Ltd.. *3*

OR

(b) Utsav Ltd. issued ₹ 50,00,000, 9% Debentures of ₹ 100 each on 1st April, 2024 at a premium of 10%. Give necessary journal entries in the books of Utsav Ltd. relating to debenture interest for the year ending 31st March, 2025, assuming that the interest was paid half-yearly on 30th September and 31st March every year. *3*

• • •

20. (क) विदुर तथा कविता एक फर्म के साझेदार थे । उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 5,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थीं । पिछले कुछ वर्षों में व्यवसाय ने ₹ 1,20,000 का औसत लाभ अर्जित किया । इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है । अधिलाभों (सुपर-लाभ) की पूँजीकरण विधि द्वारा फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए। *3*

अथवा

(ख) 31 मार्च, 2025 को साझेदार नीतीश तथा अंशुल की पुस्तकें उनकी विनियोजित पूँजी ₹ 5,00,000 दर्शा रही थी। पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ ₹ 60,000 थे। इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है। औसत लाभ के पूँजीकरण विधि के आधार पर फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए। *3*

21. निम्नलिखित स्थितियों में एलीगेंट लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4*

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 7,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% बट्टे पर किया, जिनका शोधन 6 वर्षों के पश्चात् 10% प्रीमियम पर किया जाएगा।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 8,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 6 वर्षों के पश्चात् 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

22. विभिन्न परिसम्पत्तियों (नगद के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में हस्तान्तरित करने के पश्चात् सान्या तथा मान्या की फर्म के विघटन पर निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4*

(i) ₹ 90,000 पुस्तक मूल्य की एक मशीनरी की बिक्री एक दलाल के माध्यम से ₹ 1,00,000 में की गई, जिसके लिए उसने 4% कमीशन लिया।

(ii) ₹ 52,000 का स्टॉक था, जिसमें से ₹ 42,000 का स्टॉक सान्या ने ₹ 45,000 में ले लिया तथा शेष स्टॉक को ₹ 11,000 में बेचा गया।

(iii) ₹ 23,000 के देनदारों को एक ऋण एकत्रण एजेंसी को बेचा गया, जिसने ₹ 1,500 का कमीशन लिया।

(iv) ₹ 49,000 का फर्नीचर मान्या ने अपने ₹ 55,000 के ऋण के निपटान हेतु स्वीकार किया।

• • •

20. (a) Vidur and Kavita were partners in a firm. Their capitals were ₹ 5,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. The business earned average profits of ₹ 1,20,000 during the last few years. The normal rate of return in a similar business is 10%. Calculate the value of goodwill of the firm by capitalisation of super-profits method. *3*

OR

(b) The books of partners Nitish and Anshul showed that their capital employed on 31st March, 2025 was ₹ 5,00,000. The average profit of the last five years was ₹ 60,000. The normal rate of return in a similar business is 10%. Calculate the value of goodwill of the firm on the basis of capitalisation of average profit method. *3*

21. Pass necessary journal entries in the books of Elegant Ltd. for issue of debentures in the following cases : *4*

(i) Issued 7,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 5%, redeemable at a premium of 10% after 6 years.

(ii) Issued 8,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5% after 6 years.

22. Pass necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the firm of Sanya and Manya after various assets (other than cash) and external liabilities have been transferred to Realisation Account : *4*

(i) Machinery of the book value of ₹ 90,000 was sold for ₹ 1,00,000 through a broker who charged 4% commission.

(ii) Stock was worth ₹ 52,000 out of which stock worth ₹ 42,000 was taken over by Sanya at ₹ 45,000 and the balance of the stock was sold for ₹ 11,000.

(iii) Debtors of ₹ 23,000 were sold to a debt collection agency who charged commission of ₹ 1,500.

(iv) Furniture of ₹ 49,000 was accepted by Manya against settlement of her loan of ₹ 55,000.

• • •

23. ब्रह्मा लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के 40,00,000 समता अंशों में विभाजित ₹ 4,00,00,000 की पूँजी के साथ पंजीकृत थी। 1 अप्रैल, 2025 को, कंपनी ने जनता को अभिदान के लिए 5,00,000 अंश प्रस्तावित किए। 4,95,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को पूर्ण रूप से अंशों का आबंटन कर दिया गया। 10,000 अंशों का एक अंशधारक ₹ 2 प्रति अंश की दूसरी एवं अंतिम याचना का भुगतान करने में असफल रहा।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) ब्रह्मा लिमिटेड की निर्गमित पूँजी है : *1*

(A) ₹ 40,00,000 (B) ₹ 4,00,00,000

(C) ₹ 49,50,000 (D) ₹ 50,00,000

(ii) अदत्त याचना राशि है : *1*

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 20,000 (D) शून्य

(iii) ब्रह्मा लिमिटेड की 'अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त पूँजी' है : *1*

(A) ₹ 40,00,000 (B) ₹ 50,00,000

(C) ₹ 48,50,000 (D) ₹ 49,50,000

(iv) ब्रह्मा लिमिटेड की 'अभिदत्त परंतु पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी' है : *1*

(A) ₹ 49,50,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 48,50,000 (D) ₹ 20,000

(v) ब्रह्मा लिमिटेड के स्थिति विवरण में प्रस्तुत की जाने वाली 'अंश पूँजी' की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 49,30,000

(B) ₹ 49,50,000

(C) ₹ 50,00,000

(D) ₹ 40,00,000

(vi) यदि भुगतान न करने वाले अंशधारकों के अंशों का हरण कर लिया जाए, तो 'खातों के नोट्स' में 'अंश हरण खाते' को दर्शाया जाएगा : *1*

(A) ₹ 20,000 पर

(B) ₹ 1,00,000 पर

(C) ₹ 80,000 पर

(D) ₹ 50,000 पर

• • •

23. Brahma Ltd. was registered with a capital of ₹ 4,00,00,000 divided into 40,00,000 equity shares of ₹ 10 each. On 1st April, 2025, the company offered to the public for subscription 5,00,000 shares. Applications for 4,95,000 shares were received and allotment was made in full to all the applicants. A shareholder holding 10,000 shares failed to pay the second and final call of ₹ 2 per share.

Answer the following questions on the basis of the above information :

(i) The Issued Capital of Brahma Ltd. is : *1*

(A) ₹ 40,00,000 (B) ₹ 4,00,00,000

(C) ₹ 49,50,000 (D) ₹ 50,00,000

(ii) The amount of calls in arrears is : *1*

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 20,000 (D) Nil

(iii) 'Subscribed and fully paid up capital' of Brahma Ltd. is : *1*

(A) ₹ 40,00,000 (B) ₹ 50,00,000

(C) ₹ 48,50,000 (D) ₹ 49,50,000

(iv) 'Subscribed but not fully paid up capital' of Brahma Ltd. is : *1*

(A) ₹ 49,50,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 48,50,000 (D) ₹ 20,000

(v) The amount of 'Share Capital' presented in the Balance Sheet of Brahma Ltd. will be : *1*

(A) ₹ 49,30,000

(B) ₹ 49,50,000

(C) ₹ 50,00,000

(D) ₹ 40,00,000

(vi) If the shares of the defaulting shareholders are forfeited, 'Share Forfeiture Account' will be shown in 'Notes to Accounts' at : *1*

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 1,00,000

(C) ₹ 80,000

(D) ₹ 50,000

• • •

24. ध्रुव, रवि तथा सौरभ एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 से, उन्होंने भविष्य के लाभ-हानि को 3 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2025 को ध्रुव, रवि तथा सौरभ का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसंपत्तियाँ	राशि (₹)
लेनदार		3,00,000	बैंक में नगद	60,000
बैंक ऋण		1,40,000	विविध देनदार	1,20,000
सामान्य संचय		1,60,000	स्टॉक	1,40,000
पूँजी :			संयंत्र और मशीनरी	2,20,000
ध्रुव	2,00,000		भूमि तथा भवन	5,60,000
रवि	1,60,000			
सौरभ	1,40,000	5,00,000		
		11,00,000		11,00,000

निम्नलिखित शर्तों पर सहमति हुई :

(i) स्टॉक का मूल्य ₹ 1,30,000 तक कम किया जाएगा।

(ii) भूमि तथा भवन का मूल्य ₹ 96,000 से कम पाया गया।

(iii) संदिग्ध ऋणों के लिए विविध देनदारों पर 5% का प्रावधान करना था।

(iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर करना था। पिछले चार वर्षों के लाभ क्रमश: ₹ 46,000, ₹ 35,000, ₹ 39,000 तथा ₹ 40,000 थे।

फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। अपना कार्य स्पष्टता से दर्शाइए। *6*

• • •

24. Dhruv, Ravi and Saurabh were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 3. With effect from 1st April, 2025, they decided to share future profits and losses in the ratio of 3 : 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2025 was as follows :

Balance Sheet of Dhruv, Ravi and Saurabh as at 31st March, 2025

Liabilities		Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Creditors		3,00,000	Cash at Bank	60,000
Bank Loan		1,40,000	Sundry Debtors	1,20,000
General Reserve		1,60,000	Stock	1,40,000
Capitals :			Plant and Machinery	2,20,000
Dhruv	2,00,000		Land and Building	5,60,000
Ravi	1,60,000			
Saurabh	1,40,000	5,00,000		
		11,00,000		11,00,000

The following terms were agreed upon :

(i) The value of stock be reduced to ₹ 1,30,000.

(ii) Land and Building were found undervalued by ₹ 96,000.

(iii) A provision of 5% on sundry debtors was to be made for doubtful debts.

(iv) The goodwill of the firm was valued at two years purchase of average net profits of last four years. The profits of last four years were ₹ 46,000, ₹ 35,000, ₹ 39,000 and ₹ 40,000, respectively.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. Show your working clearly. *6*

• • •

25. (क) अल्फा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 90,000 समता अंशों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर	–	₹ 20 प्रति अंश
आबंटन पर	–	₹ 30 प्रति अंश
प्रथम और अंतिम याचना पर	–	शेष (प्रीमियम सहित)

1,20,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 10,000 अंशों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा उनकी आवेदन राशि वापस कर दी गई। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में किया गया। अनंत, जिसने 1,100 अंशों के लिए आवेदन किया था, आबंटन तथा प्रथम एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रहा। महक, जिसे 900 अंशों का आबंटन किया गया था, प्रथम एवं अंतिम याचना का भुगतान करने में असफल रही। अनंत के अंशों का हरण कर लिया गया।

अल्फा लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। जहाँ आवश्यक हो, 'अदत्त याचना खाता' खोलिए। *6*

अथवा

(ख) निम्नलिखित स्थितियों में अंशों के हरण तथा हरण किए गए अंशों के पुन:निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) धर्मा लिमिटेड ने 10% प्रीमियम (जिसका भुगतान आबंटन पर करना था) पर निर्गमित ₹ 100 प्रत्येक के 600 अंशों, जिन पर ₹ 80 प्रति अंश माँगे गए थे, का ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। इनमें से 300 अंशों को ₹ 80 प्रति अंश प्रदत्त ₹ 60 प्रति अंश पर पुन:निर्गमित कर दिया गया।

(ii) विक्रम लिमिटेड ने ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित ₹ 10 प्रत्येक के 1,000 अंशों का, ₹ 4 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) की आबंटन राशि तथा ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। ₹ 1 प्रति अंश की दूसरी तथा अंतिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी। हरण किए गए अंशों को ₹ 7 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया। *6*

• • •

25. (a) Alpha Ltd. invited applications for issuing 90,000 equity shares of ₹ 100 each at a premium of 10%. The amount was payable as follows :

On Application – ₹ 20 per share

On Allotment – ₹ 30 per share

On First and Final Call – Balance (including premium)

Applications for 1,20,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected and the application money was refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received on application was adjusted towards the amount due on allotment. Anant, who had applied for 1,100 shares failed to pay the allotment and the first and final call money. Mehak, to whom 900 shares were allotted failed to pay the first and final call. Anant's shares were forfeited.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Alpha Ltd.. Open 'Calls in Arrears Account', wherever necessary. *6*

OR

(b) Pass necessary journal entries for forfeiture and reissue of forfeited shares in the following cases :

(i) Dharma Ltd. forfeited 600 shares of ₹100 each, ₹80 per share called up, issued at 10% premium (to be paid at the time of allotment) for non-payment of first call of ₹ 20 per share. Out of these, 300 shares were reissued as ₹ 80 paid up for ₹ 60 per share.

(ii) Vikram Ltd. forfeited 1,000 shares of ₹10 each issued at a premium of ₹ 2 per share for non-payment of allotment money of ₹4 per share (including premium) and first call of ₹3 per share. The second and final call of ₹1 per share was not made. The forfeited shares were reissued at ₹7 per share fully paid up. *6*

• • •

26. (क) रजत तथा विधि एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2025 को रजत तथा विधि का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसंपत्तियाँ		राशि (₹)
पूँजी :			संयंत्र और मशीनरी		5,70,000
रजत	5,00,000		फर्नीचर		3,30,000
विधि	4,00,000	9,00,000	देनदार	80,000	
सामान्य संचय		50,000	घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	1,000	79,000
बैंक ऋण		70,000	स्टॉक		49,000
लेनदार		36,000	नगद		28,000
		10,56,000			10,56,000

1 अप्रैल, 2025 को निम्नलिखित शर्तों पर नितिन को एक साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया गया :

(i) नितिन फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए अपनी पूँजी के रूप में ₹ 3,20,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के रूप में ₹ 1,00,000 लाया। रजत तथा विधि ने ख्याति के अपने भाग के 50% का आहरण कर लिया।

(ii) संयंत्र तथा मशीनरी का पुनर्मूल्यांकन ₹ 6,27,000 पर किया गया।

(iii) फर्नीचर का मूल्य 10% अधिक पाया गया।

(iv) देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किया गया।

(v) लेनदारों का मूल्यांकन ₹ 40,000 किया गया, क्योंकि माल क्रय के एक बिल का लेखा फर्म की पुस्तकों में करना रह गया था।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *6*

अथवा

• • •

26. (a) Rajat and Vidhi were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2025 was as follows :

Balance Sheet of Rajat and Vidhi as at 31st March, 2025

Liabilities		Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Capitals :			Plant and Machinery		5,70,000
Rajat	5,00,000		Furniture		3,30,000
Vidhi	4,00,000	9,00,000	Debtors	80,000	
General Reserve		50,000	Less : Provision for Doubtful Debts	1,000	79,000
Bank Loan		70,000	Stock		49,000
Creditors		36,000	Cash		28,000
		10,56,000			10,56,000

Nitin was admitted as a partner into the firm on 1st April, 2025 on the following terms :

(i) Nitin brought ₹ 3,20,000 as his capital and ₹ 1,00,000 as his share of goodwill premium, for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits of the firm. Rajat and Vidhi withdrew 50% of their share of goodwill.

(ii) Plant and Machinery was revalued at ₹ 6,27,000.

(iii) Furniture was found overvalued by 10%.

(iv) A provision for doubtful debts was created @ 5% on debtors.

(v) Creditors were valued at ₹ 40,000, as one bill for goods purchased was omitted from the books.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

OR

• • •

(ख) आभा, बिनीता तथा रीता एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2025 को आभा, बिनीता तथा रीता का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसंपत्तियाँ		राशि (₹)
पूँजी :			भूमि तथा भवन		7,50,000
आभा	5,00,000		संयंत्र एवं मशीनरी		3,50,000
बिनीता	4,00,000		स्टॉक		1,64,000
रीता	3,00,000	12,00,000	देनदार	90,000	
सामान्य संचय		1,00,000	घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	2,000	88,000
अदत्त व्यय		80,000	रोकड़		48,000
लेनदार		20,000			
		14,00,000			14,00,000

उपर्युक्त तिथि को रीता सेवानिवृत्त हो गई तथा निम्नलिखित समायोजनों पर सहमति हुई :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,00,000 किया गया।

(ii) स्टॉक का मूल्य ₹ 10,000 से कम किया गया।

(iii) देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किया गया।

(iv) कानूनी प्रभार के लिए ₹ 7,500 का प्रावधान किया गया।

(v) नई फर्म की पूँजी ₹ 10,00,000 निश्चित की गई। फर्म में विद्यमान साझेदारों ने अपनी पूँजी नए लाभ विभाजन अनुपात में रखने का निर्णय किया। इसके लिए जैसी भी स्थिति थी, आवश्यकतानुसार रोकड़ का भुगतान किया गया अथवा लाया गया।

(vi) रीता के पूँजी खाते का शेष उसके ऋण खाते में हस्तांतरित कर दिया गया।

पुनर्मूल्यांकन खाता और साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *6*

• • •

(b) Abha, Binita and Rita were partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 3 : 3 : 4. Their Balance Sheet as at 31st March, 2025 was as follows :

Balance Sheet of Abha, Binita and Rita as at 31st March, 2025

Liabilities		Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Capitals :			Land and Building		7,50,000
Abha	5,00,000		Plant and Machinery		3,50,000
Binita	4,00,000		Stock		1,64,000
Rita	3,00,000	12,00,000	Debtors	90,000	
General Reserve		1,00,000	Less : Provision for Doubtful Debts	2,000	88,000
Outstanding Expenses		80,000	Cash		48,000
Creditors		20,000			
		14,00,000			14,00,000

Rita retired on the above date and the following adjustments were agreed upon :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 2,00,000.

(ii) Valued of stock was reduced by ₹ 10,000.

(iii) Provision for doubtful debts was created @ 5% on debtors.

(iv) Provision for legal charges was made at ₹ 7,500.

(v) Capital of the new firm was fixed at ₹ 10,00,000. The continuing partners decided to keep their capitals in the new profit sharing ratio. For this, necessary cash was paid off or brought in, as the case may be.

(vi) Balance in Rita's capital account was transferred to her loan account.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

• • •

भाग ख

विकल्प I

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

27. (क) रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से कौन-सी एक वित्तीयन गतिविधि है ? *1*

(A) नगद क्रय

(B) किराया प्राप्ति

(C) दीर्घकालीन उधार पर भुगतान किया गया ब्याज

(D) आयकर भुगतान

अथवा

(ख) निम्नलिखित में से किस लेनदेन का परिणाम प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह होगा ? *1*

(A) समता अंशों पर अन्तरिम लाभांश का भुगतान

(B) कर्मचारी हितलाभ व्ययों का भुगतान

(C) एकस्व की बिक्री से प्राप्ति

(D) पूर्वाधिकार अंशों का शोधन

28. (क) वित्तीय विवरण के विश्लेषण की वह तकनीक (टूल) जो वित्तीय स्थिति तथा प्रचालन परिणामों की प्रवृत्ति तथा दिशा की ओर संकेत करती है : *1*

(A) अनुपात विश्लेषण

(B) रोकड़ प्रवाह विश्लेषण

(C) सामान्य आकार विवरण

(D) तुलनात्मक विवरण

अथवा

(ख) वह विवरण जो एक वित्तीय विवरण की सभी मदों को कुछ सामान्य आधार के प्रतिशत के रूप में व्यक्त करता है : *1*

(A) लाभ-हानि विवरण

(B) स्थिति विवरण

(C) सामान्य आकार विवरण

(D) तुलनात्मक विवरण

• • •

PART B

Option I

(Analysis of Financial Statements)

27. (a) Which of the following is a financing activity for the purpose of preparing a cash flow statement ? *1*

(A) Cash purchases

(B) Receipt of rent

(C) Interest paid on long-term borrowings

(D) Income tax paid

OR

(b) Which of the following transactions will result in the cash flows from operating activities ? *1*

(A) Interim dividend paid on equity shares

(B) Employee benefit expenses paid

(C) Proceeds from sale of patents

(D) Redemption of preference shares

